प्रेस नोट

<u>दिनांक 15.10.2024</u>

थाना सुमेरपुर पुलिस द्वारा स्थानीय व संभ्रान्त व्यक्तियों के सहयोग से खोई हुई 07 वर्षीय बच्ची के पिता को सुपुर्द किया -

आज दिनांक 15.10.2024 को थाना सुमेरपुर में स्थानीय लोगों द्वारा एक 07 वर्षीय बच्ची, जो अपने माता-पिता और परिवार से बिछड़ गई थी, को थाना सुमेरपुर लाया गया। बच्ची के बिछड़ने की सूचना मिलते ही प्रभारी निरिक्षक थाना सुमेरपुर के निर्देशन में थाना सुमेरपुर की महिला हेल्प डेस्क टीम ने त्वरित कार्रवाई की और बच्ची की पहचान सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्लेटफार्मों का उपयोग किया। महिला हेल्प डेस्क टीम ने तत्परता दिखाते हुए घटना की जानकारी थाना क्षेत्र और आसपास के विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप में साझा की, ताकि बच्ची के परिजनों को जल्द से जल्द ढूंढा जा सके। थाना सुमेरपुर पुलिस की यह रणनीति सफल रही, और कुछ ही समय में बच्ची के परिजनों की जानकारी प्राप्त हो गई। इस प्रक्रिया में सम्राट व्यक्तियों और सक्रिय नागरिकों ने भी अहम भूमिका निभाई, जिन्होंने बच्ची के बारे में दी गई जानकारी को साझा किया। बच्ची के पिता, सोमनारायण पुत्र रमेश कुमार वर्मा, निवासी परहरा, थाना कबरई, जनपद महोबा, के रूप में पहचान की गई। महिला हेल्प डेस्क टीम ने तुरंत सोमनारायण से संपर्क किया और उन्हें बच्ची के मिलने की सूचना दी। इस सूचना के बाद सोमनारायण थाना सुमेरपुर पहुंचे। थाना सुमेरपुर की पुलिस द्वारा की गई इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से बच्ची को सुरक्षित उसके पिता को सुपुर्द किया गया। बच्ची के मिलते ही पिता की आंखों में खुशी और राहत के आंसू देखे गए।